Publication: Gurgaon Mail	Pg No: 3
Edition – Print	Date – 04.10.2021

‘सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द इयर’ अवार्ड – इंडिया 2021 के लिए चार मे से दो प्रतियोगी गुरुग्राम से

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

गुड़गांव, 30 सितंबर। राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले पुरुस्कार ‘सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द इयर’ अवार्ड – इंडिया 2021 के लिए इस वर्ष गुरुग्राम के दो प्रतिभागियों क्रमशः सीमा प्रेम एवं प्रांशु सिंघल का फाइनलिस्ट के तौर पर चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है श्वाब फाउंडेशन और जुबिलैंट भारतिया फाउंडेशन ने ‘सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द इयर’ अवार्ड – इंडिया 2021 के लिए इस वर्ष देश भर से केवल चार बेहद प्रभावशाली सामाजिक उद्यमियों को बतौर फाइनलिस्ट नामित किया जिनमे से गुडगाँव से 2 प्रतिभागियों का चयन हुआ है।

गुडगाँव सेक्टर 48 से एफआईए ग्लोबल की सीमा प्रेम , का एफआईए एक प्रभाव ‘फिनटेक’ संगठन है जो दक्षिण एशिया में, विशेषकर स्त्रियों के बीच निम्न आय वाले व्यक्तियों के लिए वित्तीय सेवाओं के वितरण के तौर-तरीकों का स्वरूप बदल रहा है. एफआईए के एआई संचालित फिनटेक प्लैटफॉर्म – फिन्वेस्टा अपने बैंकिंग एजेंट्स के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण ग्राहकों के लिए सैशे फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स (लघु एवं सस्ते वित्तीय उत्पाद) का समूहन, डिजाइनिंग और वितरण करता है।

सेक्टर 54 से करो संभव के प्रांशु सिंघल जिनका करो संभव एक सामाजिक उपक्रम है जिसका लक्ष्य लोगों के लिए रीसाइक्लिंग को जीवन का तरीका बनाना है. इसके दायरे में ई-वेस्ट, प्लास्टिक पैकेजिंग अपशिष्ट, बैटरी के अपशिष्ट और ग्लास आते हैं. यह कम परखे गए व्यावसायिक क्षेत्रों, जैसे कि मैट्रेस, टेक्सटाइल और टायर की दिशा में लगातार खोज करता रहता है।